॥ रविवार
रविवारीय
वर्धमान
रविवार 24 जुलाई 2022
www.sanmarg.in
॥ श्री हरिः ॥
सन्मार्ग
हुगली, हावड़ा, खड़गपुर, वर्धमान, रानीगंज, आसनसोल, बीरभूम, बांकुड़ा







प्रदर्शन : पार्थ चट्टोपाध्याय की गिरफ्तारी के बाद बड़जोड़ा में माकपा ने निकाला जुलूस


# डीपीएस आसनसोल का बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन





**आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक आसनसोल के बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने बारहवीं परीक्षा के परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का मान बढ़ाया है। विज्ञान संकाय के राकेश महतो ने 96.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्टस संकाय की कोमल सिंह 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा विज्ञान संकाय की स्नेहा कविराज 89.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। वहीं सृष्टि वत्स इतिहास विषय में 90 तथा राजश्री भौमिक गृह विज्ञान में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अव्वल रहीं। राजनीति शास्त्र में 95 प्रतिशत अंकों के साथ हर्षिता अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में राजश्री भौमिक व रितिका सिंह 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने छात्रों को उनकी उपलब्धि हेतु बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान स्कूल के प्रो-वाइस-चेयरमैन प्रतीक गोयनका ने भी छात्रों को उनकी उत्कृष्ट सफलता हेतु बधाई दी तथा उनके सुनहरे भविष्य हेतु शुभकामनाएं सम्प्रेषित की हैं।